# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन (म.प्र)

e-mail :- wrdkhargone@gmail.com Tele : 07282-241220


पत्र कमांक 3110 /कार्य/रोशिया वन/2023 खरगोन, दिनांक 04 /09/2023

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबन्ध)
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

विषयः– खण्डवा एवं खरगोन जिले के अंतर्गत रोशिया तालाब योजना के निर्माण हेतु 39.715 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि (36.315 हे. खण्डवा वनमण्डल एवं 3.4 हे. खरगोन वनमण्डल) कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग खरगोन को उपयोग पर देने बाबत।

संदर्भः– 1. भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल का पत्र क्र. 6–एमपीसी 054/2021–बीएचओ/दिनांक 18.07.2023

2. कार्यालय प्रमुख अभियंता, पर्यावरण एवं वन प्रकोष्ठ जल संसाधन विभाग भोपाल का पत्र क्र. FP/MP/IRRIG/32304/2018/ पर्या एवं वन प्रको. भोपाल दिनांक 19.07.2023

----000----

विषयांतर्गत निवेदन है कि विकास खण्ड भीकनगांव में स्वीकृत रोशिया तालाब से प्रभावित 39.175 हेक्टर वन भूमि के प्रस्तुत वन प्रकरण में संदर्भित पत्र क्र.–1 के माध्यम से चाही गई बिन्दुवार जानकारी का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार है :–

1/ वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल, खरगोन अधिन रोशिया तालाब की नहर प्रभावित के.एम.एल. की पुनः जॉच की गई एव के.एम.एल. फाईल सही होना अवगत कराया गया। वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल, खरगोन के पत्र क्र./तकनीकी/2023/7514 दिनांक 22.08.2023 की प्रति संलग्न है।

2/ वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल, खरगोन के अधिन रोशिया तालाब की नहर गैर वन भूमि की के.एम.एल. की जॉच की गई, जिसके अनुसार लम्बाई 6.32 कि.मी. पाई गई। वन मण्डलाधिकारी, खरगोन के संलग्न पत्र में दर्शित है।

3/ कार्यालय संभागीय प्रबंधन, म.प्र. वन राज्य वन विकास निगम लिमिटेड खण्डवा परियोजना मण्डल खण्डवा के अधीन रोशिया तालाब में प्रभावित हाईटेंशन लाईन एवं डूब क्षेत्र की के.एम.एल की पुनः जांच की गई एव के.एम.एल. फाईल सही होना अवगत कराया गया। कार्यालय संभागीय प्रबंधन, म.प्र. वन राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

खण्डवा परियोजना मण्डल खण्डवा के पत्र क्र./व.वि.नि./मा.चि./2023/2546 दिनांक 04.09.2023 की प्रति संलग्न है।

4/ रोशिया तालाब के निर्माण अंतर्गत डूब क्षेत्र एवं नहर क्षेत्र में वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल, खरगोन के कक्ष क्र. 966 एंव 967 में प्रभावित 3.40 हेक्टर वन भूमि के वृक्ष जिनका विदोहन किया जाना है, का विवरण वन मण्डलाधिकारी, खरगोन के संलग्न पत्र में दर्शित है। इसी प्रकार मण्डल प्रबंधक, म.प्र. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, खण्डवा के अधिपत्य के कक्ष क. 5 की वन भूमि मे रोशिया तालाब के डूब क्षेत्र एवं 220 केव्ही एवं 132 केव्ही ट्रांसमिशन लाईन टॉवर में प्रभावित 36.315 वन भूमि के वृक्ष जिनका विदोहन किया जाना का विवरण मण्डल प्रबंधक खण्डवा के संलग्न पत्र में दर्शित है।

सहपत्र :— 1. वन मण्डलाधिकारी, खरगोन का पत्र दिनांक 22.08.2023 की छायाप्रति।
2. मण्डल प्रबन्धक, खण्डवा के पत्र दिनांक 04.09.2023 की छायाप्रति।

(पी.के.ब्राहम्णे)
कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग, खरगोन

पृ. कमांक 3111 /कार्य/रोशिया वन/2023 खरगोन, दिनांक 04 /09/2023

प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख अभियंता, पर्यावरण एवं वन प्रकोष्ठ, जल संसाधन विभाग, भोपाल के संदर्भित पत्र क्र. 02 के तारतम्य में सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, नर्मदा ताप्ती कछार, जल संसाधन विभाग, इन्दौर की ओर उनके पत्र पृ.क्र.188/कार्य—12/रोशिया तालाब/वन प्रकरण/नताक/23/इन्दौर, दिनांक 10.08.2023 के तारतम्य में सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मण्डल, खरगोन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग, भीकनगांव की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(पी.के.ब्राहम्णे)
कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग, खरगोन

# कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, खरगोन

दूरभाष : (07282) 233982, फेक्स : 235388, ई–मेल : dfotkgone@mp.gov.in

क्रमांक / तकनीकी / 2023 / 7514 खरगोन, दिनांक - 22/08/23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग, खरगोन

विषय :– खण्डवा एवं खरगोन जिले के अन्तर्गत रोशिया तालाब योजना के निर्माण हेतु 39.715 हे. आरक्षित वनभूमि (36.315 हे. खण्डवा एवं 3.4 हे. खरगोन वनमण्डल) कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, खरगोन को उपयोग पर देने बाबद्।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / 2685 / कार्य / रोशिया–वन / 2023 दिनांक 26.07.2023।

––::––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से उक्त प्रकरण के संबंध में बिन्दुवार अतिरिक्त जानकारी चाही गई थी, जो निम्नानुसार है–

1– वनमण्डल खरगोन अधिन प्रस्तावित नहर में प्रभावित वनभूमि की तैयार की गई KML की पुनः जांचः–

वन परिक्षेत्राधिकारी, भीकनगांव एवं वनस्टॉफ तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के हमराह रहकर दिनांक 10.08.2023 को रोशिया तालाब में प्रस्तावित नहर बीट दौंडवा के कक्ष कमांक–967 की KML फाईल की जांच की गई तथा जांच अनुसार वनक्षेत्र में लम्बाई 2.29 कि.मी. एवं औसत चौडाई 6.00 मीटर कुल क्षेत्रफल 1.300 हे. होना पाया गया। इस प्रकार पूर्व में प्रेषित KML फाईल सही होना पाया गया।

2– गैर वनभूमि की KML फाईल जांच करने पर लम्बाई 6.320 कि.मी. पाई गई।

3– रोशिया तालाब निर्माण अन्तर्गत डूब क्षेत्र एवं नहर क्षेत्र में कक्ष कमांक–966 एवं 967 में प्रभावित वृक्ष जिनका विदोहन किया जाना प्रस्तावित है, का विवरण निम्नानुसार है–

| कक्ष कमांक | कार्य का नाम | प्रभावित क्षेत्रफल हे.मे. | सागौन प्रजाति के वृक्षों की संख्या | मिश्रित प्रजाति की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 966 | रोशिया तालाब डूब क्षेत्र | 2.10 | 113 | 125 |
| 967 | रोशिया तालाब का नहर क्षेत्र | 1.30 | 296 | 327 |
| योगः– | | 3.40 | 409 | 452 |

प्रतिवेदन सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

22.8.23

(प्रशांत कुमार सिंह)
(भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल,खरगोन

पृ. क्रमांक / तकनीकी / 2023 / खरगोन दिनांक

प्रतिलिपि :–1.प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2.मुख्य वन संरक्षक, खण्डवा वृत्त, खण्डवा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल, खरगोन

Desktop/Roshiya talab

## कार्यालय संभागीय प्रबंधक, म0प्र0 राज्य वन विकास निगम लिमिटेड,
## खण्डवा परियोजना मण्डल, सिविल लाईन, जिला न्यायालय के सामने, खण्डवा (म0प्र0)

क्रमांक /व.वि.नि./माचि/23/2546

दिनांक-04/09/2023

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन विभाग,
खरगौन (म.प्र.)

विषय :- जिला खण्डवा एवं खरगौन के अंतर्गत रोशिया तालाब योजना के निर्माण हेतु वन मण्डल खण्डवा की 36.315 हे. वन भूमि एवं वनमण्डल खरगौन 3.4 हे. वन भूमि कुल 39.715 हे. वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भ :- 1. आपका पत्र क्रमांक/2727/कार्य/रोशिया/वन/2023 खरगोन दिनांक 01.08.2023
2. वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल का पत्र क्रमांक/माचि/2023/2969 खण्डवा दिनांक 11.08.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तहत चाही गयी बिंदु क्रमांक 03 एवं 04 की जानकारी निम्नानुसार हैः-

1. म.प्र.राज्य वन विकास निगम खण्डवा परियोजना मण्डल खण्डवा के अधिपत्य के कक्ष क्रमांक 05 रोपण वर्ष 2016 में प्रभावित वन भूमि की केएमएल फाइल की पुनः जांच :-
   इस परियोजना मण्डल में कार्यरत श्री बंसत कुमार बरकड़े परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी ने आपके द्वारा जल संसाधन विभाग खरगौन से अधिकृत किये गये अधिकारियों क्रमशः श्री नास्तर बडेरिया, एस.डी.ओ. एवं श्री अनवर खान, सब इंजिनियर के हमराह दिनांक 22.08.2023 को रोशिया तालाब हेतु प्रभावित भूमि की केएमएल फाइल की पुष्टि की गयी तथा मौके पर पंचनामा बनाया गया। डूब क्षेत्र हेतु निर्मित की गई केएमएल फाइल का कुल क्षेत्रफल 27.900 हे. एवं 132 केवी टॉवर लाइन (लम्बाई 1416.66 मी. व चौडाई 27 मी. ) का कुल क्षेत्रफल 3.825 हे. तथा 220 केवी टॉवर लाइन (लम्बाई 1391 मी. व चौडाई 33 मी. ) का कुल क्षेत्रफल 4.590 हे. अर्थात कुल 36.315 हे. प्रभावित क्षेत्रफल की पूर्व में प्रेषित केएमएल फाइल सही होना पाया गया।
2. रोशिया तालाब निर्माण अंतर्गत डूब क्षेत्र, 132 केवी व 220 केवी टॉवर लाइन में कक्ष क्रमांक 05 सागौन रोपण 2016 में प्रभावित वृक्षों का विदोहन एवं सागौन रोपित पौधों की सफाई/कटाई कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | कक्ष क्रमांक | कार्य का नाम | प्रभावित क्षेत्रफल (हे.) | सागौन प्रजाति के वृक्षों की संख्या | मिश्रित प्रजाति के वृक्षों की संख्या | सागौन प्रजाति के रोपित पौधा की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 | रोशिया तालाब डूब क्षेत्र | 27.900 | 4996 | 8549 | 46800 |
| 2 | 05 | 220 केवी टॉवर लाइन | 4.590 | 1127 | 1172 | 7600 |
| 3 | 05 | 132 केवी टॉवर लाइन | 3.825 | 1042 | 1335 | 6400 |
| | | **योग** | **36.315** | **7165** | **11056** | **60800** |

प्रतिवेदन सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय
संभागीय प्रबंधक
खण्डवा परियोजना मण्डल खण्डवा

क्रमांक /व.वि.नि./माचि/23/2547

दिनांक-04/09/2023

प्रतिलिपि :- 1. क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक, म.प्र.राज्य वन विकास निगम लि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल खण्डवा की ओर उनके पृ.पत्र क्रं. 2969 दि. 11.08.2023 के संबंध में सूचनार्थ प्रेषित।

संभागीय प्रबंधक
खण्डवा परियोजना मण्डल खण्डवा